संख्या-951/एक-10-2023-33(19)/2022

प्रेषक,

राम केवल,
विशेष सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
वाराणसी, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, पीलीभीत, बिजनौर, ललितपुर,शाहजहाँपुर, कुशीनगर एवं हापुड़।

राजस्व अनुभाग-10 लखनऊः दिनांकः 07/07/2023

विषयः- उत्तर प्रदेश नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण नीति, 2020 के अन्तर्गत प्रदेश के गोताखोरों एवं नाविकों को सेफ्टी किट क्रय कर वितरित किये जाने हेतु राज्य आपदा मोचक निधि से धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या-15/एक-10-2023-33(19)/2022 दिनांक-13.01.2023 द्वारा राज्य कार्यकारिणी समिति की दिनांक-06.09.2022 को सम्पन्न बैठक में लिए गए निर्णयानुसार उत्तर प्रदेश नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण नीति, 2020 के अन्तर्गत प्रदेश के 872 गोताखोरों एवं 5123 नाविकों को सेफ्टी किट क्रय कर वितरित किये जाने हेतु प्रदेश के 75 जनपदों को कतिपय शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन वित्तीय वर्ष-2022-23 में क्रमशः रूपये 1,28,61,128/- तथा रूपये 8,50,87,907/- कुल रूपये 9,79,49,035/- (नौ करोड़ उन्यासी लाख उन्चास हजार पैंतीस मात्र) की धनराशि आवंटित की गयी।

2- उल्लेखनीय है कतिपय जनपदों द्वारा अवगत कराया गया है कि समयाभाव एवं तकनीकी कारणों से उक्त मद में आवंटित धनराशि का वित्तीय वर्ष-2022-23 में उपभोग नहीं किया जा सका, जिस कारण आवंटित धनराशि वित्तीय वर्ष-2022-23 की समाप्ति पर शासन को समर्पित कर दी गयी।

3- उपर्युक्त विषय पर मुझे कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में उत्तर प्रदेश नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण नीति, 2020 के अन्तर्गत प्रदेश के गोताखोरों एवं नाविकों को सेफ्टी किट क्रय कर वितरित किये जाने हेतु निम्न तालिका में उल्लिखित जनपदों द्वारा धनावंटन की मांग के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त वित्तीय वर्ष-2022-23 की समाप्ति पर समर्पित धनराशि वित्तीय वर्ष-2023-24 में राज्य आपदा मोचक निधि के मद-11 में निम्नलिखित विवरण, शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निम्न तालिका के कॉलम-2 में अंकित जनपदों को कॉलम-3 में अंकित धनराशि सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

क्रमांक	जनपद का नाम	स्वीकृत धनराशि (रू० में)
1	2	3
1	वाराणसी	37,11,600/-
2	वाराबंकी	24,25,929/-

3	अम्बेडकरनगर	6,03,242/-
4	अयोध्या	32,01,555/-
5	पीलीभीत	14,50,140/-
6	बिजनौर	6,19,851/-
7	ललितपुर	1,06,963/-
8	शाहजहाँपुर	6,87,805/-
9	कुशीनगर	18,82,135/-
10	हापुड	6,91,488/-
योग		**1,53,80,708/-**

नियम व शर्तें/प्रतिबंधों

(1) किटों को क्रय किये जाने के सम्बन्ध में क्रय के सुसंगत नियमों/ वित्तीय नियमों का अनुपालन किया जाएगा।

(2) किटों का क्रय जेम पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

(3) स्वीकृति धनराशि का उपभोग वित्तीय नियमों के अनुसार तथा वित्तीय हस्त-पुस्तिका/ बजट मैनुअल के अनुसार किया जायेगा।

(4) इस सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा दिये गये मार्ग-निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा।

(5) इस सम्बंध में शासनादेश संख्या-901/एक-11-2020 दिनांक- 9 दिसम्बर, 2020 तथा उत्तर प्रदेश नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण नीति, 2020 में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) समस्त धनराशि का उपभोग दिनांक-31.03.2024 से पूर्व कर लिया जायेगा। यदि धनराशि अवशेष बचती है तो नियमानुसार दिनांक-31.03.2024 के पूर्व समर्पित कर दी जायेगी।

(7) जिस मद में धनराशि स्वीकृति की जा रही है उसी मद में इस धनराशि का उपयोग किया जायेगा।

(8) उक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र वित्तीय हस्त-पुस्तिका खण्ड-5, भाग-1 के प्रस्तर -369 एच के अधीन निर्धारित प्रारूप संख्या-42 आई में शासन को तुरन्त उपलब्ध कराया जायेगा।

(9) क्रय किये गये किटों का वितरण इवेण्ट आयोजित कराकर सम्बन्धित जनपदों के मा० सांसदों / मा० विधायकों के माध्यम से जिलाधिकारियों द्वारा चिन्हित नाविकों / गोताखोरों को दिया जायेगा।

(10) व्यय की गयी धनराशि महालेखाकार कार्यालय में सही मदों में पुस्तांकन कराया जाये और प्रत्येक माह में महालेखाकार कार्यालय से आंकड़े समाधानित एवं सत्यापित कराकर शासन को सूचित किया जाये।

(11) **इस सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-15/एक-10-2023-33(19)/2022, दिनांक-13.01.2023 की तालिका-अ एवं ब में उल्लिखित विवरणों के आधार पर सामग्री का क्रय किया जायेगा।**

4- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय **रूपये 1,53,80,708/- (एक करोड़ तिरपन लाख अस्सी हजार सात सौ आठ मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2023-2024 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 051 लेखा शीर्षक 2245-05-800-0611 से राहत हेतु स्टेट डिजास्टर रिस्पांश फण्ड से व्यय मानक मद 42 अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/ बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक-17-मार्च 2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

Signed by राम केवल
Date: 07-07-2023 16:43:53
Reason: Approved
(राम केवल)
विशेष सचिव।

संख्याः-951(1)/एक-10-2023-33(19)/2022, तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार प्रथम/आडिट प्रथम, उ०प्र०, प्रयागराज।
2- समस्त मण्डलायुक्त, उ०प्र०।
3- राहत आयुक्त, उ०प्र०।
4- सेनानायक, राज्य आपदा मोचन बल (एस०डी०आर०एफ०), लखनऊ, उ०प्र०।
5- अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ० प्र० राज्य आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण।
6- विशेष सचिव/नोडल अधिकारी बजट आवंटन (ई-बजट), राजस्व विभाग उ०प्र०।
7- वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यालय राहत आयुक्त संगठन, उ०प्र०।
8- सम्बन्धित जनपदों के मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उ०प्र०।
9- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5।
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राम केवल)
विशेष सचिव।

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2023-2024
आवंटन दिनांक-12/07/2023

प्रेषण संख्या:- 951
आवंटन आदेश संख्या:- 001-951
अनुदान संख्या:- 51 राजस्व विभाग (दैवी विपत्तियों के सम्बन्ध में राहत)(वित्तीय वर्ष 2023-2024 का आवंटन)
लेखाशीर्षक:- 2245 - प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत(आयोजनेत्तर-मतदेय)
05 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड
800 - अन्य व्यय
06 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड से व्यय
11 - स्टेट डिजास्टर रिस्पांश फण्ड से सामान्य व्यय

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		42-अन्य व्यय	योग
1	बिजनौर-4217-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	619851 719851	619851 719851
2	शाहजहांपुर-4217-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	687805 687805	687805 687805
3	पीलीभीत-4217-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	1450140 1450140	1450140 1450140
4	वाराणसी-4217-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	3711600 3861600	3711600 3861600
5	अयोध्या-4217-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	3201555 3201555	3201555 3201555
6	बाराबंकी-4217-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	2425929 2425929	2425929 2425929
7	ललितपुर-4217-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	106963 106963	106963 106963
8	कुशीनगर-4217-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	1882135 1882135	1882135 1882135
9	अम्बेदकर नगर-4217-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	603242 603242	603242 603242
10	हापुर-4217-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	691488 691488	691488 691488
	योग	वर्तमान प्रगामी	15380708 15630708	15380708 15630708

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया एक करोड़ तिरेपन लाख अस्सी हजार सात सौ आठ
महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया एक करोड़ छप्पन लाख तीस हजार सात सौ आठ

(अखिलेश प्रताप सिंह)
वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी

Digitally signed by akhilesh pratap singh
Reason: Allotment Completed
Location:Uttar Pradesh
Date:2023.07.12 12:23:27 +05:30